3–यूजर चार्ज (प्रयोगता प्रभार) जमा करने वाले किसी भी व्यक्ति को यह अधिकार नही होगा कि वह नगर पंचायत, कॉंट की सड़क/पटरी/नाला/नाली आदि का ऐसा प्रयोग करें जिससे अन्य लोगो को नुकसान हो तथा सड़क/पटरी/नाला/नाली अथवा किसी सार्वजनिक सम्पत्ति/पंचायत की सम्पत्ति को क्षति पहुंचे। यदि किसी के भी द्वारा ऐसा किया जाता है। तो उस व्यक्ति से जुर्माना वसूल किये जाने का अधिकार अधिशासी अधिकारी को होगा। अधिशासी अधिकारी को सम्बन्धित व्यक्ति द्वारा किये गये नुकसान का आंकलन करके जुर्माने की धनराशि निर्धारित करके वसूल करने का अधिकार होगा।

4–अपशिष्ट पदार्थों को नगर पंचायत, कॉंट द्वारा निर्धारित स्थान पर डालना होगा अथवा जैसा नियत किया जायें, उसके अनुसार अपशिष्ट निस्तारित करना होगा। इस कार्य हेतु नगर पंचायत से कोई अतिरिक्त सामान/उपकरण/कंटेनर/डस्टविन प्रदान करने का दावा स्वीकार नहीं होगा।

5–यूजर चार्ज (प्रयोगता प्रभार) उपविधि, 2018 में दिये गये प्राविधानों के अतिरिक्त इस बिषय में उत्तर प्रदेश सरकार अथवा भारत सरकार द्वारा समय-समय पर बनाये गये नियमों एवं कानूनों का पालन करना होगा।

6–नगर पंचायत कॉंट की भूमि/सार्वजनिक भूमि, स्थान, पार्क, रोड साइड पटरी, नाला-नाली एवं सड़क आदि पर बिना प्रधिकार एवं अनुमति के मलवा डालने अथवा भवन सामग्री ईंट, गिट्टी, बालू, मौरंग, सरिया, छड़ आदि रखने अथवा अन्य प्रकार से प्रयोग करने,जिससे उक्त भूमि अतिक्रमित होती है। पर भवन शुल्क/दण्ड रु0 50.00 प्रति वर्ग मी0 प्रतिदिन वसूल किया जायेगा। परन्तु ये दण्ड अतिक्रमणकर्ता को अतिक्रमण किये जाने का अधिकार प्रदान नही करता है। दण्ड के साथ-साथ अतिक्रमणकर्ता के विरुद्ध बैधानिक कार्यवाही भी की जा सकेगी।

घर-घर कचरा संग्रहण योजना के अन्तर्गत घर-घर कचरा एकत्रित करने हेतु निम्नानुसार दरें तय की जाती है

यूजर चार्ज की दरें

क्र0 सं0	कृत्य	यूजर चार्ज प्रतिमाह
1	2	3
		रु0
1	भवन एक मंजिल (500 वर्ग फीट क्षेत्रफल तक)	20.00
2	भवन दो मंजिल (500 वर्ग फीट क्षेत्रफल तक)	30.00
3	भवन तीन मंजिल या उससे अधिक (500 वर्ग फीट क्षेत्रफल तक)	50.00
4	भवन एक मंजिल (501 वर्ग फीट से 1000 वर्ग फीट क्षेत्रफल तक)	30.00
5	भवन दो मंजिल (501 वर्ग फीट से 1000 वर्ग फीट क्षेत्रफल तक)	40.00
6	भवन तीन मंजिल या उससे अधिक (501 वर्ग फीट से 1000 वर्ग फीट क्षेत्रफल तक)	60.00
7	भवन एक मंजिल (1001 वर्ग फीट क्षेत्रफल से अधिक तक)	40.00

1	2	3
		रु0
8	भवन दो मंजिल (1001 वर्ग फीट क्षेत्रफल से अधिक तक)	50.00
9	भवन तीन मंजिल या उससे अधिक (1001 वर्ग फीट क्षेत्रफल से अधिक तक)	70.00
10	व्यवसायिक प्रतिष्ठान एक मंजिल (500 वर्ग फीट क्षेत्रफल तक)	40.00
11	व्यवसायिक प्रतिष्ठान दो मंजिल (500 वर्ग फीट क्षेत्रफल तक)	60.00
12	व्यवसायिक प्रतिष्ठान तीन मंजिल या उससे अधिक (500 वर्ग फीट क्षेत्रफल तक)	80.00
13	व्यवसायिक प्रतिष्ठान एक मंजिल (501 वर्ग फीट से 1000 वर्ग फीट क्षेत्रफल तक)	50.00
14	व्यवसायिक प्रतिष्ठान दो मंजिल (501 वर्ग फीट से 1000 वर्ग फीट क्षेत्रफल तक)	70.00
15	व्यवसायिक प्रतिष्ठान तीन मंजिल (501 वर्ग फीट से 1000 वर्ग फीट क्षेत्रफल तक)	90.00
16	व्यवसायिक प्रतिष्ठान एक मंजिल (1001 वर्ग फीट क्षेत्रफल से अधिक तक)	60.00
17	व्यवसायिक प्रतिष्ठान दो मंजिल (1001 वर्ग फीट क्षेत्रफल से अधिक तक)	80.00
18	व्यवसायिक प्रतिष्ठान तीन मंजिल या उससे अधिक (1001 वर्ग फीट क्षेत्रफल से अधिक तक)	100.00
19	ऐसे भवन जिनमें दुकान/व्यवसाय हो रहा है।	उपरोक्तानुसार भवन एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठान के क्षेत्रफल के अनुसार
20	बी0पी0एल0 कार्ड धारक परिवार हेतु	10.00
21	कच्चे भवनों व अन्त्योदय कार्ड धारक परिवार हेतु	5.00
22	पथ विक्रेता, पान/चाय/खोखा/ठेले/सब्जी, फल आदि	50.00
23	रेस्टोरेन्ट (50 वर्ग मी0 तक)	500.00
24	रेस्टोरेन्ट (50 वर्ग मी0 से अधिक)	1,000.00
25	होटल, गेस्ट हाउस 30 कमरे तक	500.00
26	होटल, गेस्ट हाउस 30 कमरे से अधिक	1,000.00
27	होटल तीन सितारा एवं उससे अधिक	2,000.0
28	लाज 30 कमरे तक	300.00
29	लाज 30 कमरे से अधिक	500.00
30	धर्मशाला 30 कमरे तक	300.00
31	धर्मशाला 30 कमरे से अधिक	500.00
32	बैंक	500.00

1	2	3
		रु0
33	सिनेमा हॉल	500.00
34	बारातघर/बैंकट हॉल (3000 वर्ग मी. तक)	2,000.00
35	बारातघर/बैंकट हॉल (3000 वर्ग मी. से अधिक)	5,000.00
36	स्कूल जिसमें 500 विद्यायार्थी से कम हो	300.00
37	स्कूल जिसमें 500 या उससे अधिक विद्यार्थी हो	500.00
38	मॉल	5,000.00
39	क्लीनिक, डिस्पेन्सरी, मेडिकल स्टोर, डेन्टल क्लीनिक, मेडिकल स्टोर, आयुर्वेदिक क्लीनिक, पैथोलॉजी सेन्टर, एक्सरे क्लीनिक, अल्ट्रासाउंड क्लीनिक, एम0आर0आई0 सेन्टर, सी0टी0 स्कैन सेन्टर	1,000.00
40	नर्सिग होम/अस्पताल 30 शैय्या से कम	1,500.00
41	नर्सिग होम/अस्पताल 30 शैय्या व उससे अधिक	2,000.00
42	छात्रावास 30 कमरे से कम	300.00
43	छात्रावास 30 कमरे या उससे अधिक	500.00
44	उच्च शिक्षण संस्थान, डिग्री कालेज आदि	2,000.00
45	विश्वविद्यालय	5,000.00
46	कोचिंग इन्स्टीट्यूट 100 से कम विद्यार्थी	500.00
47	कोचिंग इन्स्टीट्यूट 250 व उससे अधिक विद्यार्थी	1,000.00
48	वर्कशॉप/फैक्ट्री 1000 वर्ग मी0 से कम	500.00
49	वर्कशॉप/फैक्ट्री 1000 वर्ग मी0 से अधिक	1,000.00
50	पेट्रोल पम्प	1,000.00
51	शोरूम 1000 वर्ग फुट से कम	500.00
52	शोरूम 1000 वर्ग फुट से अधिक	800.00
53	व्यवसायिक कर्यालय, सरकारी कार्यालय, बीमा कार्यलय आदि	1,000.00
54	वाहन सर्विस सेन्टर (टू-व्हीलर)	200.00
55	वाहन सर्विस सेन्टर (फोर-व्हीलर)	350.00
56	लद्यु व कुटीर उद्योग (केवल गैर खतरनाक) अपशिष्ट 10 कि0ग्रा0 प्रतिदिन	500.00
57	गोदाम, कोल्ड स्टोरेज (केवल गैर खतरनाक) अपशिष्ट	1,000.00
58	उत्सव हाल एवं मेला, प्रदर्शनी इत्यादि 3000 वर्ग0मी0 तक	2,000.00
59	उत्सव हाल एवं मेला, प्रदर्शनी इत्यादि 3000 वर्ग0मी0 तक	5,000.00
60	अन्य जो ऊ चिन्हित नही है।	नगर पचांयत के आकंलन के अनुसार

सुप्रिया गुप्ता,
प्रशासक,
नगर पंचायत, कांट,
शाहजहांपुर।

कार्यालय, नगर पंचायत, काँट, जनपद-शाहजहाँपुर

12 जुलाई, 2022 ई0

सं0 1234/न0पं0कांट/उपविधि/2020-21—उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 (2) की सूची (ए) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये कार्यालय नगर पंचायत, काँट, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा नगर पंचायत, काँट सीमा में भवन निर्माण को नियमित एवं विनियमित करने हेतु उपविधि बनाई गई है। जिसका प्रकाशन दैनिक समाचार-पत्र ''राष्ट्रीय सहारा'' में दिनांक 15 अक्टूबर, 2020 को कराकर 30 दिवस में लिखित आपत्ति/सुझाव आमन्त्रित किये गये थे। नियत अवधि में कोई आपत्ति/सुझाव कार्यालय में प्राप्त न होने के उपरान्त बोर्ड बैठक दिनांक 09 दिसम्बर, 2020 के प्रस्ताव संख्या 04 के द्वारा सर्वसम्मिति से निर्णय लिया गया कि निम्न उपविधि प्रकाशन की तिथि से लागू मानी जायेगी।

उपविधि

नगर पंचायत काँट उक्त धारा के अन्तर्गत भवन निर्माण तथा भवन निर्माण मानचित्र के विषय में निम्नलिखित उपविधि बनाती है—

1—कोई भी मकान मालिक या Occupier नगर क्षेत्र काँट की सीमा में भवन निर्माण बिना नगर पंचायत काँट द्वारा भवन मानचित्र की स्वीकृति प्राप्त किए हुए न कर सकेगा और पुरानी दीवार आदि निर्माण करने में भी आज्ञा आवश्यक होगी इस प्रयोजन हेतु प्रार्थी को फीस अदा करनी होगी।

2—मालिक, अभिकर्ता निम्न प्रतिबन्धों (नियम) की पूर्ति के साथ प्रार्थना-पत्र निर्माण करने से 1 माह पूर्व नगर पंचायत में प्रेषित करेगा।

(1) नगर पंचायत द्वारा आपत्ति प्राप्त होने पर मालिक अभिकर्ता मकान आपत्ति पूर्ति करके प्रार्थना-पत्र नगर पंचायत में देगा और इस सूची के बाद में ही क्रमशः 1 माह की अवधि की गणना की जायेगी।

(क) Occupier अर्थात वह मालिक अभिकर्ता व्यक्ति जो अपनी निजी भूमि दखल अधिकार उस भूमि में रखता हो।

(ख) Occupier अर्थात वह व्यक्ति शामिल है जो भवन का पूरा या आंशिक किराया वसूलने का अधिकारी है। जिसका की वह अपना धन या जैसे कि वह दूसरी सम्पति का एजेन्ट व्यक्ति या chartable कार्य हेतु या कोर्ट द्वारा आदेशानुसार नियुक्त बिल्ड़िंग या प्रापर्टी का किराया वसूलने वाला एक व्यक्ति या एक से अधिक व्यक्ति सभी बराबर जिम्मेदार (उत्तरदायी) होंगे।

(ग) अहाता (Compound) अर्थात् किसी प्रकार घेरी हुई भू-भाग एक बिल्ड़िंग या अनेकों बिल्डिगों की आवश्यकता हेतु हो।

(ङ) नाली अथवा सीवर पाइप ड़िच चैनल या अन्य तरीका जो गन्दे पानी या सीवेज और स्लेग के ले जाने या वर्षा के पानी या आबदस्त के पानी अथवा दोनो का हौज Traps, Simps, contains, Flash Tradles (Padle Post) से तक ले जाने का अपनाया गया आवश्यकतानुसार मार्ग।

(च) भवन बिल्ड़िंग के हिस्सें में जैसे कोई दीवार भूमिगत कमरा गली बरान्ड़ा Teet piate from plimth stairs case of door steps भी भामिल है। चाहे वह घिरा भू-भाग हो या जिसमें बिल्ड़िंग स्थित हो।

(3) प्रार्थना-पत्र नोटिस की जांच अधिशासी अधिकारी द्वारा निकाय के कर्मचारी से कराकर रिपोर्ट पर सन्तोष करेगा।

(4) अधिशासी अधिकारी विशेष रूप से लिपिक व अन्य कर्मचारी की रिपोर्ट पर विश्वास करके स्वीकृत तथा अस्वीकृत आदेश प्रदान करेगे। तथा स्वीकृति की दशा में स्वीकृति एक रजिस्टर में दर्ज करेगा।

(5) बिना आज्ञा प्राप्त किये या नक्शा निम्न प्रतिबन्धों के साथ बिना पास करायें निर्माण कराने वाले व्यक्ति को 24 घंटे की नोटिस देकर निर्माण, अधिशासी अधिकारी महोदय के आदेशानुसार नियुक्त कर्मचारी मौके पर जाकर बिना कोई शुल्क अदा किये हुए खुदवा देगें और मलवा उठाने की सूचना मालिक को देंगे।

(6) बिल्ड़िंग या भवन का हिस्सा गिराने में खर्च समस्त व्यय मालिक से नोटिस द्वारा वसूल किया जायेगा। यह नगर पंचायत के कर या धन माना जायेगा। व्यय न देने पर वैद्य रीति से वसूल किया जायेगा।

(7) अवैध मलवा न उठाने पर, साफ कराने पर नगर पंचायत का नियुक्त व्यक्ति उठवा लेगा और शुल्क जमा या बिक्री कर देगा। बिक्री की दशा में समस्त सम्बन्धित व्यय काट करके शेष धनराशि मालिक को भेज दी जायेगी।

(8) इस प्रकार दिये गये आज्ञाओं में प्रति एक दरवाजे के सामने 4 फुट चौड़ा सहन छोड़ा जा सकता है परन्तु इस सहन पर कभी भी निर्माण की आज्ञा न दी जायेगी।

(9) गलियों में जो 12 फुट से कम हो उनके किनारे निर्मित होने वाले मकानों के मालिकों को जनहित में अपनी खरीदी भूमि से कम से कम 8 फुट छोड़नी होगी।

(10) नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 178 की उपधारा के अधीन नगर पंचायत, काँट की सीमा में प्रत्येक प्रकार की बिल्ड़िंग बनाने वालों की निम्न प्रतिबन्धों के साथ नोटिस देनी होगी।

(11) प्रत्येक नोटिस में जिसमें यह इरादा होगा कि मकान का निर्माण पुनः निर्माण या अन्य किसी प्रकार का परिवर्तन जैसे कि उक्त में परिभाषित है। किसी बिल्ड़िंग को चौड़ा आदि करने के विषय में होगा। वह निम्नलिखित फार्म के साथ में होगा। जिसके साथ नक्शे की दोहरी पर्त में होगे। जैसा कि उपनियमों में दिया गया है। इस प्रकार की प्रत्येक नोटिस Side Plan साथ होगा। जिसमें कि बिल्ड़िंग की स्थिति आदि स्पष्ट होगी। मैटेरियल परिवर्तन अर्थात् किसी प्रकार के उप-परिवर्तन जिसमें आंगन, शौचालय, रोशन दान, नाली व क्षेत्र व ऊंचाई दीवार खिड़की छज्जा बरामदा सोपान कमरे आदि से है।

प्रार्थना-पत्र

1–क्र0सं0 .....

2–प्रार्थना-पत्र का दिनांक .....

3–प्रार्थी का नाम .....

4–वार्ड नम्बर व नाम .....

5–मोहल्ला तथा मकान नम्बर .....

6–भवन की अनुमानित लागत .....

7–सड़क का नाम .....

8–प्रस्तावित भवन के पास की गलियों की चौड़ाई .....

9–स्वीकृति की तिथि .....

(13) बिल्डिंग के नक्शे का पैमाना 1 मीटर = 1 सेंटी मीटर से कम न होगा। प्रयोग किया हुआ पैमाना प्लान (उपक्रम) में अंकित किया जायेगा तथा उत्तर की दिशा बिल्ड़िंग के साइड़ प्लान से सम्बन्धित होगी। नक्शे में समस्त शर्तें विवरण के तथा आवश्यक संकेतो सहित जिसमें सम्बन्धित बिल्डिंग विषयक के निष्कर्ष में शीघ्रता करने सम्बन्धी आवश्यक है। विवरण निम्न विषयों से सम्बन्धित स्पष्ट आवश्यक है।

(क) प्रस्तावित बिल्डिंग के सम्बन्ध में गली/ड़िक, मकान व अन्य दूसरी पास की जायदाद आदि है।

(ख) पास की तमाम मिलाने वाली मकानों या सम्पत्ति के स्वामियों के नाम मय गली मोहल्ला सहित।

(ग) मकानों की संख्या।

(घ) पास की तमाम मिलने वाली गलियों व सड़कों की चौड़ाई।

(ङ) उस दिशा में यदि चौड़ाई समान नहीं है। तो प्रत्येक की वास्तविक स्थिति दिखाई जावे।

(ब) कम से कम 6 फुट चौड़ी खुली जगह बिल्डिंग के आगे अपनी भूमि में छोड़नी होगी यदि यह सड़क के समीप है या किसी गली में स्थिति है और यदि बिल्डिंग विशेष सड़क समीप है या पार्क या खुली जगह उन रहने वाली जगहों के स्थान है तो स्थान जो मकान के आगें छोड़ा जायेगा वह 8 फुट होगा। इस प्रकार उस खुली जगह में कुछ नहीं बनाया जा सकता है। वो केवल बाहरी हवा के लिये होगा। जिसका नाम हक आशायम होगा।

(स) तमाम गाटर्स व छल्ले स्पष्ट रूप से दिखाये जाने चाहिए।

(द) तमाम नाला/नालियों, शौचालय तथा दूसरी स्वच्छता सम्बन्धी सुविधायें स्पष्ट रूप से दी जायें।

(य) नक्शे के अन्दर निम्न बातें विशेष रूप से दिखाई देनी चाहिए।

(1) बिल्ड़िंग की दशा, पास वाली नालियां, गलियां, जायदादें तथा खाली भूमि।

(2) एक मंजिल या दो मंजिल और प्रत्येक अतिरिक्त मंजिल।

(3) बिल्ड़िंग के आगे का भाग सम्मुख उच्छेप मय आगे की लाइन के।

(4) कम से कम एक क्रास सेक्शन बिल्डिंग का मय सड़क आदि के जिस पर यह स्थित हो जिसके आंगन की ठीक समह दिखाई पड़े तथा खुली हुई जगह न मिलें सड़क के नीचे से बिल्डिंग की ऊँचाई।

(5) खिड़कियों के साइज एवं रोशनदान प्रत्येक दीवार पर।

(6) विषय जिसके लिए बिल्ड़िंग का प्रयोग होता है।

बी सब हेड़–

1–कोई भी मस्जिद, मन्दिर, चर्च या अन्य दूसरी पवित्र धार्मिक इमारतें उस समय तक नहीं बनाई जा सकती है जब तक कि उसका आगे का भाग सड़क के बीच से कम से कम 200 फुट पर न हो और जब तक कि यह कम से कम 200 फुट के फासले पर पहले से बने धार्मिक स्थानों से चाहे वह किसी भी सम्प्रदाय का क्यों न हों।

2–कोई भी शौचालय जो आम रास्ते या सड़क पर होगा। उसको ऐसा बनाने की आज्ञा न दी जायेगी जब तक कि उसमें दरवाजा लगाकर जो कम से कम 5 फुट उंचा हो तथा यह दीवार शौचालय के दरवाजे या दूसरे दरवाजे या पर्दे की दीवार के अतिरिक्त होगी।

3–प्रत्येक पेशाब घर या प्रीवी ऐसी दशा में रखे जावेगें जिसमें से इकठ्ठी की हुई कीचड़ किसी अन्य कमरे को ले जाय बिना जिसमें कि कोई व्यक्ति रहता हो, हटाई जा सके।

4–घर का जिसमें से गन्दा पानी जाता है वह अर्द्वगोल बनाया जाना चाहिए या जमीन में पाइप जो 6 इंच से कम न हो 2.5 इंच से जो कि ठीक प्रकार से कंकरीट के बोर्ड़ पर रक्खा जावेगा। 6 इंच से कम मोटा न होगा। जो उस नाली से मिला हुआ होगा। जहां पर सरकारी नाली होगी बिल्ड़िंग से 100 फुट के अन्दर दूसरे तरीके से नाली पक्की सीमेट की होनी चाहिए या भूमिगत नाली और उसके तमाम जोड़ अच्छी तरह सीमेन्ट से बन्द होना चाहिए। यह छोटी नालियां सड़क वाली नाली से जुड़ी होनी चाहिये जहां रोड़ साइड की नाली 100 फुट के अन्दर तक हो।

5–बिल्ड़िंग में लोहे के गटर होंगे और Downpipe होंगे वर्षा के तमाम पानी की नीचे लाने के लिये जो कि छतों पर या छज्जे पर या दूसरे निर्माण पर पड़ता है गटर या Downpipe पूरी तरह से जोड़े जायेगे जिससे जल को संरक्षित किया जा सके इस हेतु जल संचयन (Water Harvesting) बनाना होगा।

6–प्रत्येक दीवार की ऊचाई जो कि फर्श से ऊपर होने तक बनाई जावेगी। जहां पर कि छत मिलती है तो नौ फुट से कम न होगी। यदि भवन सड़क के किनारे पर है तथा जो बिल्ड़िंग से घिरी हुई है/थी। उस समय जब यह उपनियम लागू हुए तथा दूसरे रूप में यह किसी भी दशा में नीचे लिखे पैमाने से कम न होगी प्रथम मंजिल 11 फुट होनी चाहिए। द्वितीय मंजिल 9 फुट होनी चाहिए इसके ऊपर प्रत्येक मंजिल 9 फुट।

7–(1) मंजिल से अर्थ उस कमरे से है या अन्य बहुत से उस बिल्डिंग के कमरे से है जिसमें कि फर्श उस सतह से समीप या उसी के जैसे है।

(2) एक बिल्ड़िंग की उंचाई से अर्थ है–

(अ) पेन्ट रूपस की दशा में सबसे ऊची दीवारों के सिरों में गाविस वाल्यस को छोड़कर सबसे ऊंची सतह गली के बिन्दु से 11 फुट उंची रहेगी।

(घ) यदि कोई एक या एक से अधिक मंजिल सड़क या गली के किनारे बनाना चाहें और उसमें छज्जा निकालना चाहें तो सड़क या गली के बिन्दु से 2.5 फुट पीछे हटकर बनाएगा।

(3) पास के बने मकानों की सबसे अधिक ऊचाई से अधिक यदि कोई व्यक्ति बिल्ड़िंग बनवाना चाहता है ऐसी दशा में निर्माण अधिकारी यदि उचित समझे तो आज्ञा दे सकता है। प्रतिबन्ध यह है कि बनाने वाली बिल्ड़िंग की ऊंचाई से किसी घर का सामना या बेपरदगी न होती हो।

(4) मंजिलो की संख्या किसी भी दशा में चार से अधिक न होगी तथा एक बिल्ड़िंग की औसत ऊंचाई 55 फुट से अधिक न होगी।

(5) बिल्ड़िंग के किसी भी हिस्से में बाहर की तरफ किसी भी प्रकार का परनाला पानी निकास हेतु न प्रयोग किया जायेगा।

(6) उक्त समस्त नियम नए–पुराने कच्चे पक्के भवन निर्मित करने में लागू होगें।

(7) **कालोनी तथा वॉटर हार्वेसिटंग के सम्बन्ध में**–बिना साइड प्लान स्वीकृत कराये नई कालोनी विकसित कर बिक्री नही की जा सकती है। ऐसी कालोनियों के साइड प्लान में सड़क की चौड़ाई कम से कम 20 फिट चौड़ी होनी चाहिए एवं जल निकासी हेतु नाली की अलग से व्यवस्था होनी चाहिए तथा पूरे साइड प्लान में एक तिहायी (1/3) भाग ग्रीनरी (हरियाली) हेतु छोड़ना अनिवार्य होगा तथा साइड प्लान में वॉटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था भी होनी चाहिए। सड़क एवं नाली कालोनियर द्वारा पूर्ण विकसित/निर्मित कर ही बिक्री की जायेगी।

(8) यदि किसी बिल्ड़िंग की नाली आंगन अथवा छत के वर्षा के पानी का बहाव किसी के मकान से होकर किसी वजह से या बहाव बदलने से किसी को हानि पहुंचती हो तो निर्माण के समय या पूर्व ही बदलने की आज्ञा लेनी होगी। इसमें यह न माना जायेगा कि यह बहाव मेरा पुश्तैनी है परन्तु बदलाव के सम्बन्ध में होने वाला व्यय वादी प्रतिवादी ही जैसा करना होगा।

(9) प्रत्येक व्यक्ति को आज्ञा हेतु निम्नलिखित फीस अदा करनी होगी–

क्र० सं०	कृत्य	पंचायत को देय धनराशि
1	2	3
		रु0
1	फीस दाखिल प्रार्थना-पत्र बाबत दरवाजा, चबूतरा, आदि।	100.00
2	फीस दाखिल प्रार्थना-पत्र बाबत निर्माण डुप्लीकेट नक्शा प्लान सहित।	100.00
3	फीस सदर दरवाजा व एक अन्य दरवाजे के प्रति दरवाजा प्लान के बाद	100.00
4	फीस खिड़की 2 के अतिरिक्त प्रति खिड़की प्लान के बाद भी	100.00
5	फीस रोशनदान 4 के अतिरिक्त रोशनदान प्लान के बाद भी	50.00
6	फीस पर नाला (नकखसिया) बाहर प्लान	100.00
7	फीस चबूतरा, लिन्टर, छप्पर, टिन हक आशायस बाहर प्लान (वर्ग फुट)	10.00
8	फीस स्वीकृति देने पर निर्माण नक्शा अनुसार रु0 50,000.00 मालियत पर	100.00
9	स्वीकृति देने, निर्माण नक्शा अनुसार रु0 10,00,000.00 मालियत तक	500.00
10	स्वीकृति देने, निर्माण नक्शा अनुसार रु0 20,00,000.00 मालियत तक	1,000.00

नोट–भवन की मालियत यदि रु0 20,00,000.00 से अधिक है, तो नक्शा पास कराई केवल रु0 2,000.00 (दो हजार रुपया) लिया जायेगा।

शास्ति

उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299 के अन्तर्गत जो नगर पंचायत पर लागू है नगर पंचायत, काँट शाहजहाँपुर यह आदेश देती है कि उपर्युक्त उपविधि के किसी भी पैरा या उपविधि का उल्लंघन करने पर अर्थ दण्ड दिया जायेगा। जो रु0 5,000.00 तक हो सकता है। और यदि उल्लंघन निरन्तर जारी रहे तो ऐसे प्रत्येक दिन के लिये जिसके बारे में यह सिद्ध हो जाये कि अपराधी अपराध कर रहा है रु0 100.00 तक प्रतिदिन अतिरिक्त अर्थदण्ड दिया जा सकता है।

सुप्रिया गुप्ता,
प्रशासक,
नगर पंचायत, कांट,
शाहजहांपुर।

कार्यालय, नगर पंचायत, काँट, जनपद-शाहजहाँपुर

12 जुलाई, 2022 ई0

नगर पंचायत काँट सीमान्तर्गत स्वकर निर्धारण नियमावली

सार्वजनिक सूचना

सं0 1235/न0पं0कांट/2022-23—नगर पंचायत काँट, जनपद शाहजहाँपुर अपनी सीमा में स्थित शत प्रतिशत भवन व भूमि का सम्पत्ति कर से अच्छादित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन के आदेश सं0 408/नौ-9-10-63ज/95 टी0सी0 नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 22 फरवरी, 2010, शासनादेश सं0 1275/9-9-12-205ज/12 नगर विकास, अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 10 सितम्बर, 2012 एवं शासनादेश सं0 428/नौ-9-2017-38ज/17 नगर विकास, अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 08 जून, 2017 के अनुपालन में नगर पंचायत सीमान्तर्गत स्थित सम्पत्तियों पर सम्पत्ति कर गृहकर एवं जलकर के प्रत्येक दो वर्ष में (द्विवार्षिक) कर निर्धारण हेतु नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 (1) व उ0प्र0 शासन नगर विकास, अनुभाग-9 संख्या 2191/नौ-19-85जा/05 टी0सी0-1 लखनऊ दिनांक 18 सितम्बर, 2019 द्वारा उ0प्र0 नगरपालिका (भवन भूमि दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) स्वतः कर निर्धारण नियमावली, 2020 बनायी गई है, जिसका प्रकाशन दैनिक समाचार-पत्र ''राष्ट्रीय सहारा'' व ''अमर उजाला'' में दिनांक 04 जुलाई, 2020 को कराकर 30 दिवस में लिखित आपत्ति/सुझाव आमन्त्रित किये गये थे। नियत अवधि में कोई आपत्ति/सुझाव कार्यालय में प्राप्त न होने के उपरान्त बोर्ड बैठक दिनांक 09 दिसम्बर, 2020 के प्रस्ताव सं0 06 के द्वारा सर्वसम्मिति से निर्णय लिया गया कि निम्न उपविधि प्रकाशन की तिथि से लागू मानी जायेगी।

नियमावली

नाम—यह नियमावली स्वः कर निर्धारण नियमावली नगर पंचायत, काँट (शाहजहाँपुर) के नाम से जानी जाएगी। जिसका तात्पर्य नगर पंचायत, काँट (शाहजहाँपुर) सीमान्तर्गत सम्पत्तियों पर गृहकर एवं जलकर अधिरोपण एवं उदग्रहण से है। उक्त गृहकर एवं जलकर नियमावली प्रभावी होने के दिनांक से नगर पंचायत, काँट (शाहजहाँपुर) में लागू पूर्व गृहकर एवं जलकर नियमावली निष्प्रभावी हो जाएगी।

अर्थ—स्वः कर निर्धारण प्रणाली के अन्तर्गत भवन स्वामी स्वयं ही अपने भवन की माप कर इस नियमावली में उल्लिखित शर्तों एवं दरों के आधार पर गणना कर भवन पर कर निर्धारण कर सकेगा।

परिभाषाएं—इस नियमावली में—

(1) नगर पंचायत से तात्पर्य नगर पंचायत, काँट (शाहजहाँपुर) से है।

(2) अधिनियम से तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगर पंचायत, काँट (शाहजहाँपुर) से है।

(3) अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, काँट (शाहजहाँपुर) से है जो कर निर्धारण अधिकारी होगा। अधिशासी अधिकारी कर निर्धारण शक्तियों का प्रयोग अपनी अधीनस्थ कर अधीक्षक/राजस्व निरीक्षक अथवा समय-समय पर अधिशासी अधिकारी द्वारा विहित प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा।

(4) अध्यक्ष/प्रशासक/बोर्ड का तात्पर्य नगर पंचायत, काँट (शाहजहाँपुर) से है।

(5) भवन/भूमि से तात्पर्य नगर पंचायत काँट (शाहजहाँपुर) की सीमा में स्थित भवन/भूमि से है।

(6) स्वामी का तात्पर्य नगर पंचायत, काँट की सीमान्तर्गत भवन एवं भूमि के स्वामी से है।

(7) अध्यासी का तात्पर्य नगर पंचायत, काँट की सीमान्तर्गत भवन एवं भूमि पर अध्यासन करने वाले व्यक्तियों से है।

(8) स्वः कर निर्धारण से तात्पर्य उस व्यवस्था से है, जिसे उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अपने आदेश सं0 408/नौ-9-10-63ज/95टी0सी0 दिनांक 22 फरवरी, 2020 शासनादेश सं0 1275/9-9-12-205ज/12 नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 10 सितम्बर, 2012 एवं शासनादेश सं0 428/नौ-9-2017-38ज/17 नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 08 जून, 2017 के द्वारा समस्त निकायों में लागू किया गया है।

(9) आवासीय भवन से तात्पर्य उस भवन से है, जिसका प्रयोग/स्वामी/अध्यासी द्वारा निवास (अध्यासन) के रूप में किया जा रहा हो।

(10) व्यवसायिक भवन से तात्पर्य उस भवन से है, जिसका प्रयोग व्यवसायिक गतिविधियों के रूप में किया जा रहा हो।

(11) मिश्रित भवन से तात्पर्य उस भवन से है, जिसमें आवासीय के साथ-साथ व्यवसायिक गतिविधियां संचालित हो रही है।

(12) पक्का भवन से तात्पर्य ऐसे भवन से जिसकी छत आर0सी0सी0 व आर0बी0सी0 पद्धति से निर्मित हो तथा आधुनिक भवन निर्माण सामग्री का प्रयोग किया गया है।

(13) अन्य पक्का भवन से तात्पर्य ऐसे भवन से है, जिसकी कढ़ी पटियों से निर्मित हो।

(14) कच्चा भवन से तात्पर्य ऐसे भवन से है, जिसकी छत अस्थाई साधनों यथा छप्पर, टीन शेड, प्लास्टिक, लोहा सीमेन्ट की चादर इत्यादि से निर्मित हो।

(15) मासिक किराया से तात्पर्य इस नियमावली में भवन/भूमि के कारपेट आच्छादित क्षेत्रफल के लिए निर्धारित प्रति वर्ग फुट किराये से है।

(16) वार्षिक मूल्य से तात्पर्य नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 140 में उल्लिखित वार्षिक मूल्य से है।

(17) आच्छादित क्षेत्रफल से तात्पर्य कुर्सी के उस निर्मित भवन के प्रत्येक तल के कुल आच्छादित क्षेत्र से है।

(18) कारपेट एरिया से तात्पर्य भवन के उस क्षेत्र से है जहां कारपेट बिछाया जा सके।

(19) मोहल्ले की श्रेणी से तात्पर्य मोहल्ले के विकास कि स्थिति, भवनों की स्थिति, सड़क, खड़ंजा, स्थायी लोगो के रहन-सहन से है।

(20) मार्ग की चौड़ाई से तात्पर्य मार्ग के दोनों ओर स्थित दोनों सरकारी नाली/नाला के बीच की दूरी से है।

(21) करों का अरोपण एवं उदग्रहण का उद्देश्य मात्र सार्वजनिक प्रयोजनार्थ कर अधिरोपण है। किसी भी प्रकार से स्वामित्व निर्धारण से इसका कोई सम्बन्ध नही है।

वार्षिक मूल्यांकन के आधार पर आगणित कर से सम्बन्धित आधारभूत तथ्य–

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत क्षेत्र या उसके भाग से नियमावली में विहित रीति के अनुसार क्षेत्रवार समय -समय पर किराया दर और कर निर्धारण सूची तैयार करायेगें–

(क) इस अधिनियम के किसी अन्य उपलब्ध में किसी बात के प्रतिकूल होते हुये भी किसी भवन के सम्बन्ध में की भुगतान के लिए प्राथमिक रूप से उत्तरदायी स्वामी या अध्यासी अपने द्वारा संदेय सम्पत्ति कर की धनराशि के सम्बन्ध में प्रतिवर्ष अपनी देनदारी का निर्धारण स्वयं कर सकता है और ऐसा करने में वह धारा 140 के उपबन्धों के अनुसार भवन के वार्षिक मूल का अवधारण स्वयं कर सकता है और अपने द्वारा इस रीति से इस प्रकार निर्धारित कर के साथ ऐसे स्वनिर्धारण विवरण ऐसे प्रपत्र में जैसा कि विहित किया जाये, जमा कर सकता है।

(ख) सर्वेक्षण के दौरान आवासीय और व्यवसायिक भवनों को पृथक्-पृथक् संख्या आवंटित की जाएगी यदि कोई भवन आवासीय है तो उसको 1-1 आर, 1-2 आर आदि डाले जायेंगे तथा यदि व्यवसायिक है तो उसे 1-1 सी, 1-2 सी आदि डाले जायेगें और यदि भवन मिश्रित है तो उसे 1-1 सीआर संख्या डाली जायेगी।

(ग) व्यवासयिक भवनों पर कर निर्धारण नगरपालिका अधिनियम, 1916 में उल्लिखित नियमों के अनुसार किया जायेगा।

(घ) भवनों का पूर्ण विवरण निर्धारण प्रपत्र पर भरकर नगर पंचायत काँट (शाहजहाँपुर) के कार्यालय में जमा किया जायेगा और यदि भवन निर्माणाधीन है तो निर्माण पूर्ण होने के 15 दिवस के अन्दर नगर पंचायत कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र पर विवरण भर कर जमा करना होगा।

(ङ) यदि 15 दिवस के स्वः कर निर्धारण प्रणाली के अनुसार भवन स्वामी/अध्यासी द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर सूचना भरकर नगर पंचायत में जमा नही की जाती है तो नगर पंचायत उक्त सम्पत्ति का वार्षिक मूल्य अंकलित कर स्वतः ही कर निर्धारण देगी जिसे भवन स्वामी/अध्यासी को अनिवार्य रूप से देना होगा।

कारपेट एरिया की गणना निम्नानुसार की जायगी–

(1) कक्ष–आतंरिक आयाम की पूर्ण माप,

(2) आच्छादित बरामदा–आतंरिक आयाम की पूर्ण माप,

(3) बाल्कनी, गलियारा, रसोईघर और भण्डार गृह–आतंरिक आयाम की 50 प्रतिशत माप,

(4) गैराज–आतंरिक आयाम की चौथाई माप,

अथवा

कारपेट एरिया–आच्छादित क्षेत्रफल का 80 प्रतिशत भाग।

नोट–स्नानागार, भौचलय, द्वारमण्डप और जीना से आच्छादित क्षेत्रफल कारपेट क्षेत्रफल का अंग नही होगा।

कर निर्धारण–कर का निर्धारण निम्नांकित के आधार पर किया जायेगा–

(क) वार्षिक मूल्य का गणना–

वार्षिक मूल्य = कारपेट एरिया × निर्धारित प्रति ईकाई का क्षेत्रफल दर × 12

या

आच्छादित क्षेत्रफल का 80 प्रतिशत × निर्धारित प्रति ईकाई का क्षेत्रफल दर × 12

(ख) **कर निर्धारण दर**–गृहकर वार्षिक मूल्य का 10 प्रतिशत तथा जलकर वार्षिक मूल्य का 10 प्रतिशत देय होगा।

करों का भुगतान–अधिशासी अधिकारी या उसके द्वारा प्राधिकृत बनाये गये नियम के अधीन निर्धारित भवन/भूमि (सम्पत्ति) कर के भुगतान हेतु स्वामी/अध्यासी को बिल प्रेषित करेगा जिसमें एक ऐसा दिनांक निर्दिष्ट होगा जो नगर पंचायत, काँट (शाहजहाँपुर) कार्यालय अथवा उसके अधिसूचित बैंक में नियमानुसार कर का भुगतान किया जाएगा। स्वकर निर्धारण का भुगतान सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किये जाने पर भी निर्धारित तिथि तक किया जाएगा। स्वकर निर्धारण भुगतान सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किये जाने पर भी निर्धारित तिथि तक किया जायेगा। निर्धारित अवधि में कर की वसूली कर की वसूली की जाएगी कर का भुगतान समय से न करने पर नगर पंचायत, काँट (शाहजहाँपुर) उसे नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 173 (क) एवं 291 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भू-राजस्व के रूप में वसूल करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

स्वतः अध्यासित भवनों के लिए छूट–

(क) 10 वर्ष तक पुराने भवनों के वार्षिक मूल्यांकन में 25 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगी।

(ख) 10 से 20 वर्ष तक पुराने भवनों के वार्षिक मूल्यांकन में 32.5 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगी।

(ग) 20 वर्ष से अधिक पुरानें भवनों के वार्षिक मूल्यांकन में 40 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगी।

किराये पर उठे आवासीय भवन–

(क) (1) 10 वर्ष तक के पुराने भवनों के वार्षिक मूल्यांकन में 25 प्रतिशत वृद्धि की जायेगी।

(2) 10 से 20 वर्ष तक के पुराने भवनों के वार्षिक मूल्यांकन में 12.5 प्रतिशत की जायेगी।

(3) 20 वर्ष से अधिक पुराने भवनों के वार्षिक मूल्यांकन में कोई वृद्धि नही की जायेगी।

(ख) किराये पर उठे व्यवसायिक भवन का मूल्यांकन अनुबन्ध में उल्लिखित वास्तिविक किराये या किराया मूल्यांकन जो अधिक हो से किया जाएगा।

व्यवसायिक सम्पत्तियों से तात्पर्य–

वह सभी प्रकार की सम्पत्तियां जिन पर किसी प्रकार का औद्योगिक कार्य किया जा रहा हो।

निम्नलिखित सम्पत्तियों करों के उदग्रहण से मुक्त होंगी–

(क) मृतकों के निस्तारण से सम्बन्धित प्रयोजन के लिए अनन्य रूप से प्रयुक्त भवन या भूमि,

(ख) भवनों और भूमि या उनके भाग, जिनका अधिभोग और उपभोग अनन्य रूप से सार्वजनिक पूजा या धर्मार्थ प्रयोजनों, अनुसंधान एवं विकास के सरकारी सहायता प्राप्त संस्थाओं के मैदान, कृषि क्षेत्र और उद्यान, सरकारी सहायता प्राप्त या गैर सरकारी सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थाओं के खेल के मैदान या क्रीड़ा स्टेडियम के लिए किया जाता हो।

(ग) भवन जिनका उपभोग अनन्य रूप विद्यालय या इण्टरमीडिएट कालेज के रूप में किया जाता हो, चाहें वे राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हों अथवा न हों,

(घ) प्राचीन संस्मारक परिक्षण अधिनियम, 1904 में यथा परिभाषित प्राचीन संस्मारक, जो किसी ऐसे संस्मारक के सम्बन्ध में राज्य सरकार के किसी निर्देश के अध्यधीन हो,

(ङ) किसी स्वामी द्वारा अध्यासिक ऐसा आवासीय भवन जो 30 वर्ग मीटर की माप वाले या 15 वर्ग मी0 तक के कारपेट क्षेत्रफल वाले भू-खण्ड पर निर्मित हो, परन्तु उसके स्वामी के स्वामित्व में नगर पालिका सीमान्तर्गत कोई अन्य भवन न हो।

(च) सेवारत/सेवानिवृत्त सैन्य कर्मचारियों द्वारा स्वयं के उपयोग हेतु प्रयुक्त भवन का सामान्य कर शासनादेश के आधीन होगा।

(छ) समस्त भवन एवं सम्पत्ति जो नगर पंचायत काँट (शाहजहाँपुर) के स्वामित्व में हो।

नोट–परन्तु उक्त सम्पत्तियों में यदि अन्य व्यवसायिक कार्य किया जाता है तो तदानुसार उन पर कर निर्धारण एवं उदग्रहण किया जाएगा।

स्पष्टीकरण–

उ0प्र0 शहरी भवन (किराये पर देने, किराये तथा बेदखली का विनियमन) अधिनियम, 1972 के प्रयोजन के लिए किसी भवन का मानक किराया, अनुबन्धित किराया या युक्तियुक्त वार्षिक किराये को भवन के वार्षिक मूल्य की गणना करते समय हिसाब में नही लिया जाएगा बल्कि उसके किराये का निर्धारण उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा, ऐसे भवनों के करों की देयता अब किरायेदार की होगी।

जिन भवनों/व्यापारिक भवनों में किरायेदार एवं सर्वे में भवन स्वामी का पता नही चलता है तो ऐसे भवनों के किरायेदार/अध्यासी को ही गृहकर, जलकर का भुगतान करना होगा परन्तु करों के भुगतान से उसका स्वामित्व सिद्ध नही होगा।

(क) गृहकर एवं जलकर की देयता वार्षिक होगी अर्थात 01 अप्रैल से 31 मार्च तक

(ख) यदि करदाता निर्धारित शर्तो का पालन करते हुये माह अप्रैल से माह जून के मध्य सम्पूर्ण करों का भुगतान निरन्तर तीन वर्षों से लगातार करता आ रहा है तो उसे वर्तमान वर्ष के गृहकर एवं जलकर जमा करने पर 05 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

(ग) लगातार दो वर्ष तक करों का भुगतान न करने पर सम्बन्धित करदाता से 5 प्रतिशत सरचार्ज वसूला जायेगा।

अर्थदण्ड—उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299 (1) में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत, काँट (शाहजहाँपुर) आदेश करती है कि उपर्युक्त नियमावली के किसी भी नियम का उल्लंघन करना दण्डनीय अपराध होगा। जिसके जुर्माने की सीमा रु0 1,000.00 (एक हजार रुपये मात्र) तक हो सकती है और यदि ऐसा उल्लघन जारी रहे तो प्रथम दोषसिद्ध होने के दिनांक के पश्चात् से प्रत्येक दिन के लिए जिसके बारे में यह सिद्ध हो जाये कि अपराधी अपराध करता रहा है, अतिरिक्त जुर्माना किया जा सकता है, जो रु0 25.00 (पच्चीस रुपये मात्र) प्रतिदिन हो सकता है।

जब कभी भवन स्वामी द्वारा अध्यासिक भवन को किराये पर दिया गया हो या किराये से वापस अपने अध्यासन में लिया गया हो तो इसके 03 माह के अन्दर प्रपत्र 'ख' में ही पुनः विवरण किया जाना अनिवार्य होगा।

जब कभी भवन के कारपेट एरिया/भूमि के क्षेत्रफल अथवा दोनों में कोई परिवर्तन या परिवर्धन किया जाता है तो उसके 03 माह के अन्दर यथा स्थिति भवन स्वामी/अध्यासी द्वारा प्रपत्र 'ख' में ही पुनः विवरण प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

जिन भवनों/भूमि को नगर पंचायत, काँट द्वारा भवन/भूमि की संज्ञा दी जा चुकी है उन्हे भी प्रपत्र 'क' और 'ख' पर उपरोक्तानुसार भरकर जमा करना अनिवार्य है तथा उसके भवन/भूमि पर यदि कोई पूर्व कार्य बकाया है तो प्रपत्र 'क' के अनुसार देय कर एवं कर भी जमा करेंगे।

मकानों के हस्तान्तरण सम्बन्धी नियम नगरपालिका विशेष परिस्थितियों में—

(क) यदि किसी भवन अथवा भूमि पर जिसका कर आरोपित है बैनामा के आधार पर स्वामित्व हस्तान्तरित होता है तो स्वत्व पाने वाला व्यक्ति या संस्था ऐसे हस्तान्तरण की सूचना नगर पंचायत को 03 माह के अन्दर देना अनिवार्य होगा। अन्यथा 03 माह उपरान्त और 01 वर्ष के अन्दर सूचना देने पर बैनामा में अंकित मालियत/सरकारी मूल्यांकित दर की धनराशि का 01 प्रतिशत विलम्ब शुल्क जमा करना होगा। अन्यथा रु0 50.00 प्रतिवर्ष की दर से अतिरिक्त विलम्ब शुल्क भी देय होगा। तदानुसार नगर पंचायत नियमानुसार नामान्तरण की कार्यवाही सुनिश्चित करेगी।

(ख) यदि किसी करदाता अथवा भवन/भूमि के स्वामी की मृत्यु हो जाती है तो उसके वारिस को कर दाता की मृत्यु दिनांक का प्रमाण-पत्र एवं वारिसान प्रमाण-पत्र 03 माह के अन्दर उसकी लिखित सूचना देना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में 03 माह उपरान्त और 01 वर्ष के अन्दर उसकी सूचना देने पर अंकन रु0 1,000.00 विलम्ब शुल्क देना होगा। अन्यथा रु0 50.00 प्रतिवर्ष की दर से अतिरिक्त शुल्क भी देय होगा। तदानुसार नगर पंचायत नियमानुसार नामान्तरण की कार्यवाही सुनिश्चित करेगी।

(ग) यदि कोई भवन/भूमि का हस्तान्तरण रजिस्टर्ड वसीयतनामा, मुख्तारनामा (पावर ऑफ अर्टानी), रजिस्टर्ड परिवारिक समझौतानामा/बटवारानामा, मा0 न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय/अदेशों के आधार पर अन्यथा अन्य आधार जो विहित प्रक्रिया द्वारा होता है तो 03 माह के अन्दर उसकी लिखित सूचना देना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में 03 माह उपरान्त और 01 वर्ष के अन्दर उसकी सूचना देने पर अंकन रु0 1,000.00 विलम्ब शुल्क देना होगा। अन्यथा रु0 50.00 प्रतिवर्ष की दर से अतिरिक्त शुल्क भी देय होगा। तदानुसार नगर पंचायत नियमानुसार नामान्तरण की कार्यवाही सुनिश्चित करेगी।

मुख्य मार्ग का तात्पर्य—मुख्य मार्ग में सभी सड़क आयेगी जिसकी चौड़ाई 30 फुट तक है।

अन्य मार्ग का तात्पर्य—मुख्य मार्ग के अन्दर के मार्ग व मोहल्ला/कालोनी में जाने वाली सड़कें एवं समस्त गलियां अन्य-अन्य मार्गों में आयेगी।

प्रति वर्ग फुट मासिक किराये का तात्पर्य अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, काँट, द्वारा सत्यापित मासिक किराया प्रतिवर्ग फुट से है।

अन्तिम निर्णय अधिशासी अधिकारी में निहित होगा।

आपत्तियों का निराकरण एवं निस्तारण अधिशासी अधिकारी अथवा उसके द्वारा गठित समिति द्वारा किया जायेगा।

कर निर्धारण सूची/पंजिका में भवन/भू-खण्ड के स्वामियों के नामों एवं गृहकर एवं जलकर में परिवर्तन अधिशासी अधिकारी अथवा उसके द्वारा गठित समिति द्वारा किया जायेगा।

नगर पंचायत द्वारा अपने किसी प्रकार के पेयजल संसाधनों से सर्वसाधारण को पेयजल उपलब्ध कराये जाने वाले अधिष्ठान से 200 मी0 अर्द्धव्यास के भीतर सम्पत्तियों पर जलकर का अधिरोपण एवं उद्ग्रहण किया जायेगा। जल

मूल्य एवं मीटर किराये का निर्धारण जल सम्भरण एवं जल परिवय नियमावली तथा शासनादेश संख्या 960/नौ-2-2013-95 सा/2009, दिनांक 06 अप्रैल, 2013 अथवा समय-समय पर जारी शासनादेश के अनुक्रम में किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कॉंट (शाहजहाँपुर) को प्रत्येक दो वर्ष में करों का पुनरीक्षण/पुनर्निर्धारण का अधिकार होगा। अपरिहार्य परिस्थितियों में यदि प्रत्येक दो वर्ष में सम्पत्ति कर, गृहकर एवं जलकर आदि के पुनर्निर्धारण नहीं हो सका तो अधिशासी अधिकारी को यह अधिकार होगा कि व न्यूनतम 10 प्रतिशत की वृद्धि कर के करों की वूसली सुनिश्चित करायेंगे।

नगर पंचायत द्वारा प्रत्येक 03 माह में भवनों के नवनिर्माण/परिवर्धन/परिवर्तन स्थिति में कराच्छादन हेतु सर्वे करायेगी तथा उन पर तत्समय प्रचलित दरों पर कर निर्धारण करेगी तथा निर्धारण सूची में परिवर्तन करेगी। इस प्रकार परिवर्तित करों का भुगतान स्वामी/अध्यासी द्वारा अनिवार्य रूप से करना होगा।

स्वकर निर्धारण के सम्बन्ध में निर्धारण प्रपत्र पर सूचना देनी होगी। गलत सूचना पर अंकन रु0 5,000.00 अर्थदण्ड देना होगा तदानुसार नगरपालिका अधिनियम, 1916 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, कॉंट द्वारा अपनी सीमान्तर्गत स्थित भवनों/भूमियों की वार्षिक मूल्यांकन निम्न दरों पर निर्धारत किया जायेगा।

सम्पत्ति कर (गृहकर एवं जलकर) स्वमूल्यांकन व्यवस्था का विवरण वर्गवार निर्धारण मासिक किराया दर प्रतिवर्ग फुट (रुपये में)–

भवन की प्रकृति (फर्श की प्रकृति) (सड़क की चौड़ाई)	पक्का भवन (R.C.C.)	पक्का भवन (R.C.B.)	अन्य पक्का भवन	कच्चा भवन	भूमि/प्लाट
(क) (24 मी0 से अधिक चौड़ी सड़क पर स्थित भवन)	2.00	1.50	1.00	0.75	0.75
(ख) (12 से 24 मी0 तक चौड़ी सड़क पर स्थित भवन)	1.50	1.00	0.75	0.50	0.50
(ग) (12 मी0 से कम चौड़ी सड़क पर स्थित भवन)	1.00	0.75	0.50	0.25	0.50

सुप्रिया गुप्ता,
प्रशासक,
नगर पंचायत, कॉंट,
शाहजहाँपुर।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स ए0आर0 बिल्डर्स, पता-फ्लैट नं0 503, पंचम तल, अल्याह गैलेक्सी अपार्टमेन्ट, 66 बटलरगंज, लखनऊ-226001 पार्टनरशिप ऐक्ट, 1932 के अन्तर्गत लखनऊ से पंजीकृत है जिसमें चार साझेदार क्रमशः शराफत अली, सारा बेगम, सैयद अरशद एवं नरगिस जहां थे, जिसमें दो साझेदार क्रमशः सैयद अरशद एवं नरगिस जहां दिनांक 31 दिसम्बर, 2018 से फर्म की साझेदारी से निकल गये हैं। वर्तमान में शराफत अली एवं सारा बेगम उक्त फर्म का संचालन कर रहे हैं। इसकी सूचना दी जा रही है।

शराफत अली,
साझेदार,
फर्म मेसर्स ए0आर0 बिल्डर्स,
फ्लैट नं0 503, पंचम तल,
अल्याह गैलेक्सी अपार्टमेन्ट,
66 बटलरगंज, लखनऊ-226001।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का घर का नाम शुभ आनन्द है, जबकि समस्त शैक्षिक अभिलेखों और आधार कार्ड में कोर्णाक कुमार है। एल0आई0सी0 पालिसी संख्या 237522027, दिनांक 28 दिसम्बर, 2012 में उसके घर का नाम शुभ आनन्द अंकित हो गया है। शुभ आनन्द एवं कोर्णाक कुमार एक ही व्यक्ति है। भविष्य में मेरे पुत्र को कोर्णाक कुमार पुत्र स्व0 रजनीश आनन्द के नाम से जाना एवं पहचाना जाय।

शालिनी आनन्द,
एल0आई0जी0-43, देवघाट, झलवा,
ए0डी0ए0 कालोनी, प्रयागराज।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स "ताज राइस मिल", ग्राम कागानगला, तह0 मिलक,

जिला रामपुर (यू0पी0) नामक फर्म में दिनांक 01 अप्रैल, 2022 को जियाउल नबी पुत्र श्री अब्दुल नबी व इशाकुल नबी पुत्र श्री अब्दुल नबी निवासीगण मोहल्ला नई बस्ती, नियर मदीना मस्जिद, केमरी, तह0 बिलासपुर, जिला रामपुर रिटायर हो गये हैं तथा रिटायर्ड पार्टनर की उक्त फर्म में कोई देनदारी व लेनदारी बकाया नहीं है तथा दिनांक 01 अप्रैल, 2022 को श्री रफीक अहमद पुत्र श्री अच्छन निवासी 149, घोसी वाली मस्जिद, मोहल्ला चमारान, केमरी, तह0 बिलासपुर, जिला रामपुर (20 प्रतिशत) व श्री सलीम अहमद पुत्र श्री अब्दुल करीम (15 प्रतिशत) व श्री शकील अहमद पुत्र श्री अब्दुल करीम (8.33 प्रतिशत) व श्री समीर अख्तर पुत्र श्री अब्दुल करीम सिद्दीकी (8.33 प्रतिशत) व श्री जियाउल अहमद पुत्र श्री अब्दुल करीम (8.34 प्रतिशत) निवासीगण 71, मोहल्ला माजुल्ला नगर, केमरी, तह0 बिलासपुर, जिला रामपुर शामिल हो गये हैं तथा अब वर्तमान में आठ पार्टनर श्री जावेद अहमद (10 प्रतिशत) व श्री शहादत अहमद (20 प्रतिशत) व श्री शावेज अली (10 प्रतिशत) व श्री रफीक अहमद (20 प्रतिशत) व श्री सलीम अहमद (15 प्रतिशत) व श्री शकील अहमद (8.33 प्रतिशत) व श्री समीर अख्तर (8.33 प्रतिशत) तथा श्री जियाउल अहमद (8.34 प्रतिशत) हो गये हैं।

शहादत अहमद,
पार्टनर,
फर्म मेसर्स "ताज राइस मिल",
ग्राम कागानगला, तह0 मिलक,
जिला रामपुर (यू0पी0)।

सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 05 मई, 2022 से भागीदारी फर्म में0 श्री बजरंग चिलिंग प्लान्ट, फिरोजाबाद रोड, जलेसर, एटा का नाम परिवर्तित कर मे0 श्री बजरंग शीतगृह एण्ड चिलिंग प्लान्ट, फिरोजाबाद रोड, जलेसर, एटा कर दिया गया है। फर्म के भागीदार श्री नत्थू सिंह, श्री सोनीराम, श्री राज कुमार, श्री राज बहादुर हैं।

नत्थू सिंह,
भागीदार,
मे0 श्री बजरंग चिलिंग प्लान्ट,
फिरोजाबाद रोड, जलेसर एटा,
परिवर्तित नाम,
मे0 श्री बजरंग शीतगृह एण्ड,
चिलिंग प्लान्ट, फिरोजाबाद रोड,
जलेसर, एटा।

सूचना

सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मेसर्स सैनिक फ्रूट प्रोसेसिंग प्लान्ट, नियर कोमल जनरल स्टोर, नगला रेवती, जगनेर रोड, आगरा, उ0प्र0 में दिनांक 01 जनवरी, 2022 से श्री प्रेम सिंह पुत्र श्री राम किशन सिंह तथा श्री नरेन्द्र सिंह पुत्र श्री राम किशन सिंह, निवासीगण 77 अभयपुरा मलपुरा, आगरा नये भागीदार के रूप में सम्मिलित हो गये हैं तथा दिनांक 01 जनवरी, 2022 से पूर्व भागीदार श्री जगराम सिंह यादव पुत्र स्व0 जाहर सिंह यादव, निवासी 63ए/23डी, कीर्ति नगर डिफेन्स कालोनी, आगरा, उ0प्र0 व श्री राम किशन सिंह पुत्र श्री कुमर सिंह, निवासी 77, अभयपुरा, मलपुरा, आगरा अपनी स्वेच्छा से उक्त फर्म से अलग हो गये हैं। अब फर्म में श्री प्रेम सिंह व श्री नरेन्द्र सिंह ही भागीदार हो गये हैं।

प्रेम सिंह,
भागीदार,
मेसर्स सैनिक फ्रूट प्रोसेसिंग प्लान्ट,
नियर कोमल जनरल स्टोर, नगला,
रेवती, जगनेर रोड, आगरा, उ0प्र0।

सूचना

सूचित किया जाता है कि प्रार्थी के शैक्षिक अभिलेखों, आधार कार्ड में प्रार्थी का नाम सुधाकर पुत्र विजय शंकर अंकित है, जो कि सही है। त्रुटिवश प्रार्थी के पैन कार्ड में प्रार्थी का नाम सुधाकर पाण्डेय पुत्र विजय शंकर पाण्डेय अंकित हो गया है। उपरोक्त दोनों नाम मेरा ही है। भविष्य में मुझे सुधाकर पुत्र विजय शंकर (SUDHAKAR S/O VIJAY SHANKAR) के नाम से जाना व पहचाना जाय।

सुधाकर,
पुत्र विजय शंकर,
ग्राम-कसिदहाँ, पोस्ट-नथईपुर,
जनपद-भदोही (संत रविदास नगर),
उत्तर प्रदेश-221304।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेसर्स सी0एल0 गुप्ता एण्ड संस रजि0 कार्यालय 182 आर0ए0 बाजार कैंट, जिला-प्रयागराज फर्म के पार्टनर श्री संजीव कुमार गुप्ता पुत्र सुरेंद्र कुमार गुप्ता, नि0 437/189 नेवादा कालोनी,

अशोक नगर, परगना व तहसील सदर, जिला प्रयागराज आज दिनांक 11 जुलाई, 2022 से उक्त फर्म के पार्टनर नहीं रह गये हैं वह स्वेच्छा से अलग हो गये है। उक्त फर्म की देनदारी व लेनदारी से संजीव कुमार गुप्ता का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रह गया है, उक्त फर्म में अंबुज अग्रवाल पुत्र स्व0 राजीव गुप्ता, निवासी 437/189 नेवादा कालोनी, अशोक नगर, परगना व0 तहसील सदर, जिला प्रयागराज को दिनांक 11 जुलाई, 2022 से पार्टनर बनाया गया है। अब उक्त फर्म से केवल दो पार्टनर सुनीता गुप्ता व अंबुज अग्रवाल है।

सुनीता गुप्ता।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म सर्वश्री वैष्णो ट्रेडर्स वार्ड नं0-1 नगरपालिका परिषद्, महराजगंज, उ0प्र0 नाम व फर्म में साझेदारी डीड दिनांक 20 अगस्त, 2020 के अनुसार श्री बद्रीनाथ गुप्ता एवं श्री अभय कुमार श्रीवास्तव साझेदार थे।

उक्त फर्म कार्यालय सहायक एवं रजिस्ट्रार फर्म सोसाइटी एवं चिट्स गोरखपुर में पंजीकरण संख्या 02861/2021-22 पर पंजीकृत है। यह कि साझेदार श्री बद्रीनाथ गुप्ता साझीदारी डीड दिनांक 01 अप्रैल, 2022 को अपनी स्वेच्छा से फर्म से बाहर हो रहे हैं तथा उक्त फर्म में श्री बद्रीनाथ गुप्ता का कोई लेन-देन बकाया नहीं है। यह कि साझीदारी डीड, दिनांक 01 अप्रैल, 2022 से फर्म सर्वश्री वैष्णो ट्रेडर्स वार्ड नं0-1 नगरपालिका परिषद्, महराजगंज, उ0प्र0 में एक अन्य साझेदार श्री रजत मल्ल पुत्र श्री दीवाकर मल्ल बतौर साझेदार शामिल हो रहे हैं। उक्त फर्म में किसी का कोई लेन-देन बकाया नहीं है।

अभय कुमार श्रीवास्तव,
साझेदार,
सर्वश्री वैष्णो ट्रेडर्स वार्ड नं0-1,
नगरपालिका परिषद्, महाराजगंज, उ0प्र0।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है मेसर्स ग्लास टेक इण्डिया 69, भवानी नगर, हापुड़ रोड, मेरठ की साझीदारी में श्री कमर अहमद काजमी एवं श्री दलजीत सिंह साझीदार हैं। दिनांक 25 अप्रैल, 2022 (प्रभावी दिनांक 01 अप्रैल, 2021) को फर्म की साझीदारी में श्रीमती नीलोफर कमर एवं श्रीमती रमनीत कौर सम्मिलित हुई हैं। संशोधित साझीदारीनामा दिनांक 25 अप्रैल, 2022 के अनुसार श्री कमर अहमद काजमी एवं श्री दलजीत सिंह, श्रीमती नीलोफर कमर एवं श्रीमती रमनीत कौर साझीदार हैं। संशोधित साझीदारी के अनुसार फर्म का रजिस्टर्ड पता "जाकिर कालोनी, अपोजिट एल-ब्लाक, हापुड़ रोड, मेरठ-250002 एवं साझीदार श्री दलजीत सिंह का निवास स्थल आर-825, आर-ब्लाक, न्यू राजिन्द्र नगर, दिल्ली-110060 तथा फर्म के व्यवसाय/ फैक्ट्री का पता "1690, सैकिण्ड फ्लोर, मैन आर्य समाज रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005 एवं शोरूम नं0-2ई, ग्राउण्ड फ्लोर, ब्लॉक-ई, स्पेस-9, बड्डी (हिमांचल प्रदेश)" बढ़ाया गया है। यह घोषणा करता हूं कि एतद्द्वारा यह प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

कमर अहमद काजमी,
साझीदार,
मेसर्स ग्लास टेक इण्डिया,
जाकिर कालोनी, अपोजिट एल-ब्लॉक,
हापुड़ रोड, मेरठ-250002।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है मेसर्स आरनव प्रोजेक्टस एण्ड इन्फ्राटैक, 3सी, किंग्स रिजर्व, गामा-2, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, (उ0प्र0)-201310 की साझीदारी में श्री मृत्युंजय प्रसाद सिंह, श्रीमती अर्चना कुमारी एवं श्री मनोज कुमार सिंह साझीदार थे। दिनांक 09 जुलाई, 2022 को श्री ब्रिन्द बिहारी सिंह फर्म की साझीदारी में सम्मिलित हुये हैं तथा श्रीमती अर्चना कुमारी फर्म की साझीदारी से अपना हिसाब-किताब ले देकर अलग हो गयी हैं। संशोधित साझीदारीनामा दिनांक 09 जुलाई, 2022 के अनुसार श्री ब्रिन्द बिहारी सिंह, श्री मृत्युजंय प्रसाद सिंह एवं श्री मनोज कुमार सिंह साझीदार हैं। शाखा कार्यालय Hamidganj, P.O. & P.S. Daltanganj, District-Palamau (Jharkhand)-822101 एवं Namna Kalan, Behind Anand Engineering Works, Ambikapur (Sarguja), Chattisgarh. यह घोषणा

करता हूं कि एतद्द्वारा यह प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

मृत्युजंय प्रसाद सिंह,
साझीदार,
मेसर्स आरनव प्रोजेक्टस एण्ड इन्फ्राटैक,
3सी, किंग्स रिजर्व, गामा-2, ग्रेटर नोएडा,
जिला-गौतमबुद्धनगर (उ0प्र0)-201310।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है मेसर्स तिरूपति गैस सर्विस, शिव शक्ति धाम, तिरुपति नगर, बुलन्दशहर-203001 की साझीदारी में श्री लक्ष्मी नरायन गुप्ता एवं श्री मुकेश गुप्ता साझीदार थे। दिनांक 01 अप्रैल, 2015 को श्री गार्गेय गुप्ता फर्म की साझीदारी में सम्मिलित हुये हैं तथा दिनांक 15 जनवरी, 2022 को श्री लक्ष्मी नरायन गुप्ता का स्वर्गवास हो चुका है। संशोधित साझीदारीनामा दिनांक 15 जनवरी, 2022 के अनुसार श्री मुकेश गुप्ता एवं श्री गार्गेय गुप्ता साझीदार हैं। यह घोषणा करता हूं कि एतद्द्वारा यह प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

मुकेश गुप्ता,
साझीदार,
मेसर्स तिरुपति गैस सर्विस,
शिव शक्ति धाम, तिरुपति नगर,
बुलन्दशहर-203001।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म श्री सुरभि इण्डस्ट्रीज पता-7वां फ्लोर गैलेन्ट लैण्डमार्क बैंक रोड, जनपद गोरखपुर में साझेदारी डीड, दिनांक 25 अगस्त, 2020 से दो पार्टनर क्रमशः श्री चैतन्य अग्रवाल एवं श्रीमती पूनम अग्रवाल जी थे। साझेदारी डीड दिनांक 10 फरवरी, 2022 से श्री सुमिथ रूंगटा एवं श्रीमती प्रभा रूंगटा मेसर्स फैथफुल कामर्शियल लिमिटेड, पता-सेक्टर-23 गीडा, जनपद-गोरखपुर व मेसर्स मण्डेलाश्री इण्डस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, पता सेक्टर-15 गीडा, जनपद गोरखपुर उक्त फर्म में दिनांक 10 फरवरी, 2022 को साझेदार के रूप में शामिल हुये हैं। अब फर्म में वर्तमान छः पार्टनर मौजूद हैं। उक्त फर्म में किसी का कोई लेन-देन बकाया नहीं है।

चैतन्य अग्रवाल,
साझेदार।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स एस के रोड लाइंनस डी 217, सरकुलर रोड, आवास विकास कालोनी, जिला-हरदोई-241001, रजि0 नं0-एचआरए/0006088 का पंजीकरण दिनांक 28 फरवरी, 2020 को कराया गया था जिसमें विकास गुप्ता प्रथम, अमित कुमार गुप्ता द्वितीय, पवन कुमार अग्रवाल तृतीय एवं सुरेन्द्र सिंह चतुर्थ साझीदार थे, जिसमें द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ साझेदार फर्म से हट गये हैं। जिनके स्थान पर राजीव कुमार पुत्र राधेश्याम, निवासी 129 ग्राम-समथरी, पो0-पीला महुआ, हरियावाँ, जिला-हरदोई, उ0प्र0-241405 को दिनांक 18 जुलाई, 2022 से द्वितीय साझेदार के रूप में शामिल कर लिया गया है। उक्त तिथि से पूर्व के द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ साझेदार का भविष्य में कोई लेना-देना नहीं होगा। वर्तमान में उक्त फर्म में विकास गुप्ता प्रथम एवं राजीव कुमार द्वितीय साझेदार के रूप में सम्मिलित हैं।

एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक रूप से औपचारिकताओं का पालन स्वयं मेरे द्वारा किया गया है।

विकास गुप्ता,
साझेदार।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स ओम हास्पिटल, रेलवे रोड, निकट आयल डिपो, सण्डीला, जिला-हरदोई, रजि0 सं0-194512 का पंजीकरण दिनांक 25 अप्रैल, 2011 को लखनऊ से कराया गया था, जिसके साझेदारों डॉ0 विनीत वर्मा एवं डॉ0 अर्चना वर्मा ने स्वेच्छा से उपरोक्त फर्म को दिनांक 31 मार्च, 2022 को विघटित कर दिया है तथा इस फर्म से हम दोनों साझेदारों का कोई लेना-देना नहीं होगा।

एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक रूप से औपचारिकताओं का पालन स्वयं मेरे द्वारा किया गया है।

डा0 विनीत वर्मा,
साझेदार।

सूचना

सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स वावा महाकाल ट्रांसपोर्ट खेड़ारठ खेड़ा वझेड़ा, जैतीपुर, जिला शाहजहांपुर में पंजीकरण संख्या SHA/0007212 में साझेदार राजीव गुप्ता एवं शवनम खान थे, दिनांक 12 जुलाई, 2022 को राजीव गुप्ता फर्म से स्वेच्छा से निकल गये हैं एवं श्रीमती रीना गुप्ता फर्म में सम्मिलित हो गयी हैं। अब फर्म में रीना गुप्ता व शवनम खान हैं।

शवनम,
पार्टनर।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मे0 सरपंच ब्रिक्स उद्योग, खसरा नं0–626, ग्राम बड़ा बांगर, छाता मथुरा में स्थित है उपरोक्त फर्म में हम श्री वीर बहादुर सिंह, श्री चेतराम, श्री रमेश चौधरी, निवासीगण कोसीकलां, छाता, जिला मथुरा सभी साझेदारों ने अपनी फर्म दिनांक 20 नवम्बर, 2019 को संचालन की थी। दिनांक 06 जुलाई, 2022 से श्री रमेश चौधरी पुत्र श्री साहब सिंह, निवासी 116/26 कमला नगर, कोसीकलां, तह0 छाता जिला मथुरा फर्म से पृथक् हो गये हैं। अब फर्म को श्री वीरबहादुर सिंह, श्री चेतराम हम दोनों साझेदार के रूप में फर्म को संचालित करेंगे।

वीर बहादुर सिंह,
साझेदार।

पी0एस0यू0पी0–18 हिन्दी गजट–भाग 8–2022 ई0।

मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उ0प्र0, प्रयागराज।